हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, सोमवार 22 अप्रैल 2024

04 दृढ़ विश्वास से होती है भगवान की अनुभूतिः उद्धवदास



05 छिंदवाडा चुनाव ड्यूटी से लौट रहे जवानों की बस पलटी...





## तेज गर्मी और उमस के बीच अचानक बदला मौसम: हवा में उड़ गए मकानों के छप्पर, आड़े हो गए बिजली के पोल

# रेहटी में तेज आंधी ने मचाया कोहराम, पेड़ और बिजली के खंबे हुए धराशाही, क्षेत्र में ब्लैक आउट

शासकीय कृषि कॉलेज में स्थित मौसम विज्ञान केंद्र के मौसम वैज्ञानिक डा एसएस तोमर ने बताया कि अभी पश्चिम से हवाएं चल रही है, जिनकी गति 15 किलोमीटर प्रति घंटे के लगभग है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिले में भीषण गर्मी का दौर लगातार जारी है। बीते 24 घंटे के दौरान अधिकतम तापमान 39.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग का अनुमान है कि अभी तापमान में आने वाले दिनों में और बढ़ोतरी दर्ज होगी। दिनभर तेज धूप और गर्मी के दौर के बीच अचानक शाम को रेहटी क्षेत्र में तेज आंधी के साथ करीब 15 मिनट तक बारिश हुई, जिससे वातावरण में ठंडक घुल गई। तेज आंधी चलने से सैकड़ा पेड़ और बिजली के खंबे धराशाही हो गए। इससे क्षेत्र में ब्लैक आउट की स्थिति बन गई।

शासकीय कृषि कॉलेज में स्थित मौसम विज्ञान केंद्र के मौसम वैज्ञानिक डा एसएस तोमर ने बताया कि अभी पश्चिम से हवाएं चल रही है, जिनकी गति 15 किलोमीटर प्रति घंटे के लगभग है। आसमान पर हल्के बादल भी छाए हुए हैं, लेकिन अभी बारिश



का कोई अनुमान नहीं है। उन्होंने बताया कि दो दिन बाद तापमान में और बढ़ोतरी दर्ज होना लगभग तय है। इधर, स्वास्थ्य विभाग ने आमजनों को सलाह दी है कि वे बदलते मौसम में खान-पान का रखें ध्यान ताकि बीमारियां न करें परेशान ताजा और हल्का भोजन ही खाएं, जंक फूड खाने से बचें, पानी अधिक मात्रा में पिएं, फलों का सेवन करें, चाय, कॉफी, गैस वाले पेय पदार्थों का सेवन नहीं करें, गर्मियों में रखें अपना ध्यान ताकि बीमारियां न करें परेशान, धूप और अधिक तापमान की वजह से होने वाली



सामान्य परेशानियां जैसे गर्म लाल और सूखी त्वचा, मतली या उल्टी, तेज सिर दर्द, मांसपेशियों में कमजोरी या ऐठन, सांस फूलना, धड़कन तेज होना, घबराहट, लू से बचें गर्मियों में बाहर घूमने जाएं तो अपना विशेष ध्यान रखें। पीने का पानी,जुस साथ रखें और हाइड्रेटेड रहें, पतले, ढीले सूती वस्त्र पहनें, अपने सिर को छाते, टोपी, तौलिया आदि से ढक लें, ताकि धूप के सीधे संपर्क में आने से बचा जा सके, नंगे पांव बाहर ना निकलें, अपना ध्यान रखें लू से बचें लू लगने के कारण होने वाली बीमारियों से बचा जा सकता है यदि आप या कोई भी अन्य व्यक्ति लू के कारण होने वाले तनाव के लक्षणों का अनुभव करता है। उसे तत्काल चिकित्सक से संपर्क करें। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार लू लगने के कारण होने वाली बीमारियों से बचा जा सकता है यदि आप या कोई भी अन्य व्यक्ति लू के कारण होने वाले तनाव के लक्षणों का अनुभव करता है तो तत्काल चिकित्सक से संपर्क करना चाहिए।

### रेहटी में तेज आंधी के साथ हुई बारिश कई पेड़ हुए धराशाही

**सीहोर।** रविवार की शाम को अचानक मौसम में परिवर्तन हुआ और तेज आंधी के साथ बारिश शुरू हो गई। करीब 15 मिनट तक आंधी और तूफान चलने से क्षेत्र के कई पेड़ धराशाही हो गए। वहीं बिजली के खंबे टूटने से विद्युत व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्थ हो गई। जानकारी के अनुसार रविवार शाम करीब 5 बजे रेहटी, सलकनपुर सहित आसपास के क्षेत्रों में तेज आंधी का दौर शुरू हो गया। करीब 15 मिनट तक चली आंधी में सैकड़ों हरे-भरे पेड़ धराशाही हो गए। वहीं बिजली के खंबे भी टूट गए । इससे क्षेत्र में ब्लैकआउट की स्थिति निर्मित हो गई।

बारिश के साथ चने के आकार के ओले भी गिरे। बारिश होने से सड़कों पर पानी जमा हो गया। बारिश होने के साथ वातावरण में ठंडक घुल गई और लोगों को तेज गर्मी से राहत मिली। वहीं आंधी चलने से क्षेत्र में कितनी नुकसान हुआ है इसका आंकलन किया जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### चुनाव प्रचार में अभ्यर्थी 95 लाख रुपए तक व्यय कर सकेंगे

**सीहोर।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया कि लोकसभा निर्वाचन के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अभ्यर्थी के लिए चुनाव प्रचार व्यय की सीमा 95 लाख रूपये निर्धारित की गई है। इसके लिये अभ्यर्थी को बैंक में एक पृथक खाता खोलना होगा और उन्होंने कहा कि रिटर्निंग अधिकारी से प्राप्त निर्वाचन व्यय रजिस्टर में सभी दैनिक व्यय लेखा का रख रखाव करना होगा। र्विाचन पदाधिकारी श्री राजन ने बताया कि सभी पोस्टर, बैनर, पम्प्लेट, हैण्डबिल, चाहे वे नाम निर्देशन के पहले मुद्रित/प्रकाशित किए गए हो, परंतु नाम निर्देशन के बाद उपयोग/ प्रदर्शित किए जा रहे हों, यह सभी अभ्यर्थी के निर्वाचन व्यय में जुड़ेंगे और कहा कि रैली आयोजन के लिए किराये/भाड़े पर लिए गए व्यावसायिक वाहनों के लिए सभी खर्च प्रचार व्यय लेखे में शामिल किया जाएगा। अभ्यर्थी द्वारा भाग ली गई किसी रैली/प्रदर्शित फोटो/मंच साझा करने आदि पर किये गये सभी व्यय भी अभ्यर्थी के चुनाव प्रचार व्यय लेखे में जोड़े जायेंगे।

### आज और कल फार्म में होंगे करेक्शन

**सीहोर।** एसएससी की जूनियर इंजीनियर परीक्षा के लिए 28 मार्च को नोटिफिकेशन जारी किया गया था। उम्मीदवारों को फार्म में करेक्शन के लिए 22 से 23 अप्रैल 2024 तक का समय मिलेगा। इस भर्ती के लिए सीबीटी पेपर-1 का आयोजन 4 से 6 जून 2024 को हागा। योग्यता के तहत संबंधित इंजीनियरिंग ब्रांच में डिप्लोमा होना चाहिए। उम्मीदवारों की आयु 1 अगस्त 2024 को 30 वर्ष से अधिक नहीं होना चाहिए।

### इग्नू: फार्म भरने की आखिरी तारीख आज

**सीहोर** । इंदिरा गांधी नेशनल ओपन यूनिवर्सिटी (इग्नू) ने जून-2024 टर्म एंड परीक्षा (टीईई) के लिए परीक्षा फार्म जमा करने की अंतिम तारीख 22 अप्रैल तक बढ़ा दी है। इससे पहले बिना विलंब शुल्क के पंजीकरण की समय सीमा 31 मार्च निर्धारित की थी। इच्छुक उम्मीदवार इग्नू की अधिकारिक वेबसाइट exam.ignou.ac.in पर आवेदन कर सकते हैं।

### किसानों से ई-खसरा खतोनी लेने की अपील

**सीहोर।** राष्ट्रीय भू-अभिलेख आधुनिकीकरण कार्यक्रम के अन्तर्गत आयुक्त भू-अभिलेख एवं बन्दोबस्त ग्वालियर ने ई-खसरा परियोजना लागू की है। किसानों से अपील की गई है कि वे ई-खसरा खतोनी ही लें। परियोजना के अन्तर्गत अनुबंधित फर्म द्वारा सभी तहसीलों में आई.टी. सेन्टर स्थापित किये गये हैं, जिनसे कृषकों को उनकी मांग अनुरूप प्रमाणित खसरा बी-1, नक्शा की प्रतिलिपियाँ नियत शुल्क प्रति पृष्ठ 30 रुपये लेकर उपलब्ध कराई जा रही हैं।

## विश्व को अंहिसा का संदेश देने वाले भगवान महावीर की जयंती पर निकली शोभायात्रा

**सीहोर।** विश्व को अंहिसा का संदेश देने वाले जिनशासन जैन धर्म के 24 वें तीर्थंकर श्री 1008 भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव महावीर जयंती के पावन पर्व पर प्रातः महावीर स्वामी की प्रतिमा का अभिषेक शांति धारा कर भव्य विशाल शोभायात्रा श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर छावनी से प्रारंभ हुई जिसमें विशेष रथ मे स्वर्ण रूपी विमान पर भगवान महावीर की प्रतिमा को विराजमान कर पुरुष सफेद वस्त्र मे तथा महिलाएं केसरिया वस्त्र परिधान में भगवान महावीर के संदेश से परिपूर्ण गगन भेदी जय घोष के साथ प्रसिध्द भजन गायक राजेश कुमार भोपाल एवं गढा कटा के लक्की जैन चलित आर्केस्ट्रा के साथ भजन गायन करते हुए चल रहे थे । स्वर्ण रूपी रथ विमान में विराजमान भगवान महावीर स्वामी की प्रतिमा की अनेक स्थानो पर पूजा अर्चना आरती कर श्रद्धालुओ ने धर्म लाभ अर्जित किया। शोभायात्रा का कई स्थानो पर समाजिक राजनैतिक संस्थाओ ने पुष्प वर्षा कर स्वागत सत्कार सम्मान किया । दिगम्बर जैन पंचायत कमेटी टृसट समिति के अध्यक्ष अजय जैन ने धर्म सभा में विस्तार से समाज के नव निर्माणाधीन संत भवन के बारे में प्रकाश डाला। महामंत्री अशोक जैन उपाध्यक्ष देवचंद जैन विमल जैन ने बताया की शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गो से होती हुई श्री



पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर छावनी पंहुची जहाँ श्रावक श्राविकाओ ने भगवान महावीर की प्रतिमा का श्री जी के अभिषेक शांति धारा नित्य नियम पूजा अर्चना कर धर्म लाभअर्जित किया। शोभायात्रा मे प्रतीक के रूप में माता पिता बनने का सोभागय समाज वरिष्ठ जैनपाल जैन भगवती जैन को प्रापत हुआ। वहीं रथ सारथी प्रेमचंद पंकज कुमार तथा सोधर्म इंद्र दीपक प्रेमीलाल गुदरी परिवार ईशान इंद्र पारस कुमार महा आरती करने का सोभागय विमल जैन सुनील जैन विशाल,विजय टोनी, शिवांग अरनव जैन लिलेहरिया परिवार को प्राप्त हुआ। तथा शांतिधारा. करने का प्रदीप कुमार,दीपक कुमार जैन लिलेहरिया तथा बदामीलाल जितेंद्र, महावीर, निश्चल, आनद जैन लिलेहरिया परिवार को प्राप्त हुआ। वहीं मनीष जैन, राजकुमार, जुगनु जैन तथा आरती राजेंद्र नगर वालों को प्राप्त हुआ। समाज के वरिष्ठ टृसटी विमल जैन ने बताया कि भगवान महावीर का 2633 वें जन्म कल्याणक महोत्सव के पावन अवसर पर सकल जैन समाज ने भक्ति भाव से ओतप्रोत हो भगवान महावीर स्वामी प्रतिमा की विशेष पूजा अर्चना , धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कर भव्य विशाल रूप में जन्मोत्सव मनाया। संध्या को श्रावक श्राविकाऐ ने गुरू भक्ति आरती भजन कीर्तन वीरशसेवा दल के नव युवक-युवतियों के साथ कर धर्म लाभ अर्जित किया। वहीं समाधिस्थ राष्ट्रीय संत शिरोमणि आचार्य गुरूवर 108श्री विद्या सागरजी महाराज साहब के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर आरती की। चल समारोह में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष जसपाल सिंह अरोरा भी मौजूद थे।

## पत्नी ने रची प्रेमी संग पति की हत्या की साजिश, आरोपी गिरफ्तार

**सीहोर।** फरियादी नेपाल सिंह वर्मा पिता लक्ष्मीनारायण वर्मा ने दिनांक 06.03.2024 को रिपोर्ट किया कि उसकी पत्नी ने अपने प्रेमी दीपक पांण्डे निवासी आष्टा के साथ मिलकर सावन ठाकुर परदेसीपुरा इंदौर को 50000 रुपये की सुपारी देकर कार से एक्सीडेट कर जान मे मारने की योजना बनाई है कि रिपोर्ट पर थाना कोतवाली में अपराध क्र 154/2024 धारा 120 बी भादवि के तहत पंजीबद्ध किया जाकर दौराने विवेचना फरियादी की पत्नी व सुपारी लेने वाले आरोपी सावन ठाकुर निवासी परदेशीपुरा इंदौर को क्रमशः दिनांक 06.03.32024 को व 07.03.2024 को सीहोर से गिरफ्तार किया गया था अपराधिक षड़यंत्र रचने वाला मुख्य आरोपी दीपक पाण्डेय निवासी आष्टा फरार था जिसकी गिरफ्तारी पर पुलिस अधीक्षक सीहोर द्वारा 3000/- रुपये इनाम की घोषणा की गई थी।

एसपी मयंक अवस्थी द्वारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीहोर गीतेश गर्ग एवं नगर पुलिस अधीक्षक सीहोर निरंजन सिंह राजपूत के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कोतवाली गिरीश दुबे के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया माननीय न्यायालय द्वारा आरोपी जेल भेजा गया ।

### इस तरह दिया वारदात को अंजाम

आरोपियों ने अपने प्रेमी दीपक पाण्डेय के साथ मिलकर इंदौर के परदेसीपुरा के सावन ठाकुर को 50,000 रुपये की सुपारी देकर कार एक्सीडेंट करके उसके पति नेपाल सिंह को जान से मारने की साजिश रची थी ताकि नेपाल सिंह की मृत्यु के बाद बीमा की राशि आरोपिया को मिल सके। पुलिस द्वारा की गयी कार्यावाही फरियादी के द्वारा रिपोर्ट करने पर तुरंत कार्यावाही करते हुए आरोपियो के घटना करने की दिनांक के पहले ही आरोपियों व सुपारी लेने वाले सावन ठाकुर निवासी इंदौर को गिरफ्तार कर लिया था बाद घटना के मुख्य आरोपी 3000/- रुपये के इनामी दीपक पाण्डेय को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जहां से आरोपी को जेल भेज दिया गया घटना के तीनो आरोपीगण जेल में निरुध्द है। सराहनीय भूमिका थाना प्रभारी गिरीश दुबे, उप निरीक्षक मनोज मालवीय, सहायक उप निरीक्षक माधोसिंह, प्रधान आर. 729 महेन्द्र मेवाड़ा, आरक्षक 352 लखन धाकड़, की सराहनीय भूमिका रही।

## श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर पर हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष में तीन दिवसीय धार्मिक आयोजन प्रारंभ



**सीहोर।** हर साल की तरह इस साल भी पंचमुखी हनुमान मंदिर पावर हाउस चौराहे पर हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष में तीन दिवसीय धार्मिक आयोजन किया जाएगा। जिसमें सर्वप्रथम श्री पंचमुखी हनुमान जी की पूजन उपरांत अखंड रामायण का पाठ प्रारंभ किया गया, इसके उपरांत आज प्रदोष तिथि के उपलक्ष में श्री पिपलेश्वर महादेव का महा रुद्राभिषेक एवं आरती उपरांत प्रसादी वितरण किया गया। सोमवार को होने वाले आयोजनों में अखंड रामायण के समापन उपरांत भगवान श्री पंचमुखी हनुमान एवं श्री पिपलेश्वर महादेव का महा रुद्राभिषेक हवन एवं आरती की जाएगी रात्रि 10 बजे उपरांत ब्राह्मणों द्वारा भगवान श्री पंचमुखी हनुमान का विशेष आकर्षण श्रृंगार किया जावेगा मंगलवार हनुमान जन्मोत्सव के पावन उपलक्ष में प्रातः छह बजे भगवान पंचमुखी हनुमान की मंगला आरती की जावेगी एवं 31 किलो शुद्ध घी के लड्डू एवं फलों का भोग लगाया जावेगा, रात्रि सात बजे भगवान श्री पंचमुखी हनुमान जी की महा आरती एवं महाप्रसाद के वितरण किया जावेगा, आरती के पश्चात भगवान पंचमुखी हनुमान के समक्ष विशाल भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। पंचमुखी हनुमान मंदिर के संरक्षक पूर्व विधायक रमेश सक्सेना, संरक्षक तरुण गोसाई, अशोक राजपूत, मंदिर के प्रधान पुजारी पंडित अशोक जोशी, पुजारी अरुण पांडे, विनय सक्सेना, महेंद्र वर्मा, विशाल परदेसी, सौरभ शर्मा, गिरीश मेहता, राहुल असरी, राहुल दांगी, कालू शर्मा, प्रदीप घाटे, बबलू शर्मा, आशीष कुशवाहा, दीपक तात्या, पीयूष बैरागी, नितिन कुशवाह, नितेश सेन, शुभम मालवीय आदि ने भव्य कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

## मतदान केन्द्रों पर लगाए जाएंगे मॉकपोल की जानकारी वाले पोस्टर

**सीहोर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन के दौरान प्रत्येक मतदान केन्द्र के बाहर मतदाताओं एवं राजनैतिक दलों एवं अभ्यर्थियों के पोलिंग एजेंट को मॉकपोल संबंधी जानकारी प्रदाय करने हेतु पोस्टर लगाने के निर्देश दिए गए हैं। ज्ञात हो कि इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन के माध्यम से मतदान प्रक्रिया प्रारंभ करने के पूर्व उसमें मॉकपोल कराया जाता है तथा मॉकपोल के पश्चात मशीन को पुनः मतदान हेतु तैयार किया जाता है। इस दौरान 6 चरणों की कार्यवाही संपादित की जाती है। इन चरणों में मॉकपोल के दौरान कम से कम 50 प्रतिशत वोट डालने के पश्चात क्लोज बटन दबाया जाता है, रिजल्ट बटन दबाकर परिणाम प्राप्त किया जाता है, यह सुनिश्चित किया जाता है कि प्रत्येक उम्मीदवार के लिए ईव्हीएम मशीन से प्राप्त परिणाम का व्हीव्हीपेट की पर्चियों से मिलान हो, कंट्रोल यूनिट से मॉकपोल डाटा हटाने के लिए क्लियर बटन दबाया जाता है, व्हीव्हीपेट के ड्रॉप बॉक्स से पर्चियां बाहर निकालकर उन पर्चियों के पीछे मॉकपोल स्लीप की सील लगाई जाती है तथा टोटल का बटन दबाकर पोलिंग एजेंट को बताया जाता है कि अब कंट्रोल यूनिट में कोई भी वोट नहीं है। इसी तरह व्हीव्हीपेट के ड्रॉप बॉक्स को खोलकर दिखाया जाता है कि उसमें भी कोई भी पर्ची नहीं है। ईव्हीएम तथा व्हीव्हीपेट मशीन की विश्वसनीयता एवं राजनैतिक दलों एवं अभ्यर्थियों के बीच विश्वास सृजन करने की दृष्टि से प्रत्येक मतदान केन्द्र के बाहर जानकारी प्रदाय करने के लिए पोस्टर लगाए जाएंगे।

## प्रसिद्ध सिद्धिदात्री अंबे मां बिजासनी मंदिर में कन्या भोज का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

रविवार को शहर के प्रसिद्ध सीवन नदी घाट के समीप स्थित श्री सिद्धिदात्री अंबे मां बिजासनी मंदिर पर रविवार को आस्था और उत्साह के साथ कन्याओं का पूजन किया गया और इस मौके पर दो दर्जन से अधिक कन्याओं को भोजन प्रसादी का वितरण किया।

समिति के अध्यक्ष अशोक बिहाणी और उपाध्यक्ष सुरेश वशिष्ठ ने बताया कि चैत्र नवरात्रि का महापर्व आस्था और उत्साह के साथ मनाया गया था। इस मौके पर लगातार नो दिनों तक माता की विशेष रूप से आराधना की गई। वहीं रविवार को कन्याओं और ब्राह्मण का भोज किया गया।

उन्होंने बताया कि यह मंदिर काफी प्राचीन है। इस देवालय का जीर्णोद्धर का निर्णय लेकर निर्माण कार्य आरंभ किया। मंदिर में मूर्तियों की प्राण-प्रतिष्ठा विद्वान आचार्यों के मार्गदर्शन में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हुई। देवालय में स्थापित मूर्तियों की प्राण-प्रतिष्ठा के पूर्व मंदिर के पुजारी स्व. रामेश्वर दयाल शर्मा उप पुजारी स्व. श्री रामचंद्र उपाध्याय पदयात्रा से मां हरसिद्धि देवालय उज्जैयनी जाकर महाराज विक्रमादित्य के समय से निरंतर प्रज्जवलित ज्योति लाकर यहां अखंड ज्योति स्थापित की गई जो आज भी देवालय में चेतन्य रूप से विराजमान रहकर जन-जन का मंगल कर रही है। देवायल पर चार महायज्ञ वर्ष 1980, 1984, 1990 और 1994 में समिति द्वारा संपन्न कराए गए है। उन्होंने बताया कि देवालय में पू. स्वामी करपात्री महाराज श्रंगेरी, पू स्वामी शंकराचार्य महाराज कांचीकाम कोटी महापीठम, पू. स्वामी शंकराचार्य महाराज शारदा द्वारीकापीठ बद्रीकाश्रम के आशीर्वाद एवं अनंत कृपा से पूजित है। समिति द्वारा देवालय पर दोनों नवरात्रि में श्री दुर्गा सप्तशती के 108 महापाठों का अनुष्ठान वर्षो से लगातार किया जाता है।

इस वर्ष भी यहां पर गत दिनों चैत्र नवरात्रि पर विशेष अनुष्ठान किए गए थे और रविवार को कन्याओं का पूजन और भोज का आयोजन किया गया।

## जल संकट से जूझ रहे ग्रामीण कर चुके थे लोस चुनाव का बहिष्कार

# समाजसेवी एमएस मेवाड़ा ने ग्रामीणों को शतप्रतिशत मतदान करने की दिलाई शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सीहोर जिले में भीषण जल संकट से जूझ रहे कुछ गांव लोकसभा चुनाव का बहिष्कार कर रहे थे परंतु समाजसेवी एम.एस. मेवाड़ा की पहल पर प्रशासन द्वारा ग्रामीणों को जल संकट से निजात भी दिलाई और साथ में ग्रामीणों ने शत प्रतिशत मतदान करने की कसमें खाई। ज्ञातव्य है कि सीहोर जिले के ग्राम धनखेड़ी ,मगरखेड़ा की नई कॉलोनी, चादबढ़, नोनूखेड़ी ,फूल मोगरा के ग्रामीण भीषण जल संकट से जूझ रहे थे और यही वजह थी कि ग्रामीण आगामी लोकसभा चुनाव का



बहिष्कार करने को मजबूर थे, जिस पर समाजसेवी एम.एस.मेवाड़ा के नेतृत्व में सभी ग्रामीणों ने सीहोर कलेक्टर मुख्य चुनाव आयुक्त के साथ-साथ प्रमुख अभियंता पीएचई विभाग से अपनी समस्या को लेकर गुहार लगाई और ज्ञापन के माध्यम से अपनी समस्या से अवगत कराया, सीहोर कलेक्टर के आदेश पर सभी ग्रामों में नलकूप खनन किए गए, सभी नलकूप खनन में भरपूर पानी मिलने से सभी ग्रामीण काफी खुश हुए और फिर समाजसेवी एम.एस. मेवाड़ा के नेतृत्व में ग्राम के सभी लोगों युवाओं, बुजुर्गों एवं महिलाओं ने लोकसभा चुनाव में सत प्रतिशत मतदान करने की कसम खाई एवं सीहोर कलेक्टर मुख्य चुनाव आयुक्त सहित प्रमुख अभियंता पीएचई विभाग को धन्यवाद दिया एवं ग्रामीणों ने समाजसेवी एम. एस. मेवाड़ा का साफा बांधकर फूल मालाओं से स्वागत किया। समाजसेवी एम.एस. मेवाड़ा की ग्रामीणों के प्रति मेहनत एवं इस पहल की प्रशासनिक अमले के साथ-साथ सीहोर जिले में खूब चर्चा हो रही है।

खबर संक्षेप

### बिना अनुमति के ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग पर प्रतिबंध

**सीहोर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा चुनाव 2024 के कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही आदर्श आचार संहिता प्रभावशील हो गई है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रवीण सिंह ने निर्वाचन प्रक्रिया निष्पक्ष, शांतिपूर्ण संचालित हो इसके लिए गत दिवस दण्ड प्रक्रिया के तहत आदेश जारी किये है। जारी आदेशानुसार मध्यप्रदेश कोलाहल नियंत्रण अधिनियम-1985 के तहत पूरे जिले में सक्षम प्राधिकारी की अनुमति के बिना ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग पर प्रतिबंध लगाया गया है। यह प्रतिबंधित आदेश 06 जून तक प्रभावशील रहेगा। इसके साथ ही मतदान के दिन, मतदान समाप्त होने के समय से 48 घण्टे पूर्व तक किसी भी स्थिति में प्रचार के लिए ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग की अनुमति नहीं दी जावेगी। प्रतिबंधित क्षेत्रों में समस्त अनुभागीय दण्डाधिकारी तथा उनकी अनुपस्थिति में तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारियों को प्रातः 6.00 बजे से रात्रि 10.00 बजे तक के मध्य आवश्यकतानुसार मंद ध्वनि से प्रचार में ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग की स्वीकृति देने के लिए आदेश दिया गया है। आवेदक ध्वनि विस्तारक यंत्र के उपयोग के समय अनुमति पत्र को प्रचार स्थल पर अथवा वाहन पर प्रदर्शित करेंगें।

### विश्वनाथपुरी में संगीतमयी नौ दिवसीय श्री रामकथा का आठवां दिन

# दृढ़ विश्वास से होती है भगवान की अनुभूतिः उद्धवदास

**आज कथा में महाराजश्री ने पंचवटी में शूर्पनखा प्रसंग, सीताहरण एवं जटायु की परमगति तथा शबरी मिलन का प्रसंग सुनाते हुए भगवान श्रीराम के चरित्र को विस्तार से वर्णन किया, भक्ति रस से भरे हुए सजीव वर्णन से श्रोता भावविहल हो उठे ।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर





भगवान को पाने के लिए, भगवान के दर्षन के लिए, भगवान के प्रति मन में दृढ़ विष्वास होना सबसे जरूरी है जब मन में विष्वास प्रगाढ़ होगा तो भगवान में और उनकी कथाओं में अनुरक्ति होगी और जब अनुरक्ति होगी तभी अनुभूति होगी, भगवान को तभी अनुभूति में महसूस किया जा सकता है जब हमारा विष्वास सुदृढ़ होगा। बिना विष्वास के यदि भगवान सामने भी आकर खड़े हो जाएं तो भी हम उनकी उनकी अनुभूति नहीं कर पाएंगे। भगवान ने रामायण में नवधा भक्ति के तहत नौ प्रकार की भक्ति का वर्णन किया है उनमें सबसे सरल भक्ति भगवान के प्रति प्रगाढ़ आस्था, उनके प्रति मन में दृढ़ विष्वास बताया है और कहा है जो सब साधन छोडकर मुझ पर अनन्य भाव से आश्रित हो जाता है, मेरे भरोसे हो जाता है, उससे मैं सहज ही प्रसन्न हो जाता हूं।

उक्त आषय के उदगार सुप्रसिद्ध श्री रामकथा वाचक श्रीश्री 1008 महंत श्री उद्धवदास जी त्यागी महाराज श्रीराम कुटी आश्रम सीहोर ने शहर के सीवन स्काई सिटी के नजदीक विष्वनाथपुरी में स्थित प्रसिद्ध श्री संकटमोचन हनुमान मंदिर शनिवार से नौ दिवसीय संगीतमयी श्री रामकथा के आठवें दिवस बडी संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं को रामरस में सराबोर करते हुए व्यक्त किए। महाराजश्री ने कहा कि आजकल बुराई का जमाना है, लोगों को परनिंदा करने में बहुत सुख मिलता है। निन्दा करने से सामने वाले के पाप तो नष्ट हो जाते हैं किन्तु निन्दा करने वाले के खाते में जुड़ जाते है। इसलिए सबसे अच्छाई ही देखे, बुराई का दर्षन न करें। महाराजश्री ने कहा कि रामायण में कहा गया है कि जो लोग परनिंदा में लगे रहते हैं उनका अगला जन्म चमगादड़ का होता है इसलिए निंदा में अपने जीवन और पुण्यों नहीं गवांना चाहिए। उन्होनें कहा कि भगवान के प्रति अगाध निष्ठा होना चाहिए इसके लिए एक ही भगवान के नाम में निष्ठा, एक गुरू में निष्ठा और एक ही ईष्ट में निष्ठा रखने से भक्ति जल्दी सफल हो जाती है। उन्होनें कहा कि भगवान अपने भक्त के प्रति किए गए अपराध से क्रोधित होते हैं क्योंकि भक्त भगवान पर ही पूरी तरह आश्रित रहता है। यदि भगवान के प्रति कोई अपराध हो जाए तो भगवान उसे क्षमा कर देते हैं किन्तु कोई उनके भक्त का बुरा कर दें या उसे नुकसान पहुंचाएं तो भगवान के क्रोध की अग्नि उसे जला देती है, उसे भगवान क्षमा नहीं करते। अपनी सुमधुर वाणी में महाराज जी ने कई भजन सुनाए जिन्हें सुनकर सभी श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गए। आज कथा में महाराजश्री ने पंचवटी में शूर्पनखा प्रसंग, सीताहरण एवं जटायु की परमगति तथा शबरी मिलन का प्रसंग सुनाते हुए भगवान श्रीराम के चरित्र को विस्तार से वर्णन किया, भक्ति रस से भरे हुए सजीव वर्णन से श्रोता भावविहल हो उठे ।

उल्लेखनीय है कि प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी गत 13 अप्रैल शनिवार से 21 अप्रैल रविवार तक प्रतिदिन रात्रि 8 बजे से 11 बजे तक नौ दिवसीय श्री रामकथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा में शहर श्री उद्धवदास जी त्यागी महाराज श्रीराम कुटी त्यागी आश्रम सीहोर द्वारा सभी भगवत जनों को रामकथा की रसास्वादन कराया जा रहा है। कथा आयोजन समिति के अध्यक्ष पद अमित नीखरा मंदिर समिति के अध्यक्ष अनारसिंह चैहान, संरक्षक श्री कमलसिंह ठाकुर, मंदिर पुजारी पं. निर्मल शर्मा, पं. ओमप्रकाश शर्मा, मुकेशभावसार, गोपालदास अग्रवाल, राहुल वर्मा, कथा आयोजन समिति के उपाध्यक्ष पंकज ठाकुर, संतोष परमार, सुमित गिरौंदिया, सचिव मोहब्बतसिंह तोमर, कोषाध्यक्ष किषन राठौर, आनंद अग्रवाल, शुभम मालवीय, मुकेश प्रजापति, चंद्रप्रताप ठाकुर, कृष्णा मेवाडा आदि अनेक समिति सदस्यों ने सभी धर्मप्रेमी जनों से अधिक से अधिक संख्या में श्रीराम कथा में सम्मिलित होकर धर्मलाभ प्राप्त करने की अपील की है। कथा समापन के अगले दिन श्री हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर मंदिर में अखंड रामायण का पाठ भी किया जाएगा जो 22 अप्रैल को प्रातः प्रारंभ होगा एवं 23 अप्रैल को समापन पष्चात हवन किया जाएगा। इसके साथ ही सायंकाल विषाल भण्डारे का आयोजन किया जाएगा।

# राम नाम के जाप से देव से महादेव बने भगवान शंकरः पं.मोहितरामजी



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

भगवान के नाम में इतना प्रभाव होता है कि बड़ा सा बड़ा संकट टल जाता है। भगवान शंकर निरंतर दिन रात राम नाम का जाप करते हैं। ऋषि वाल्मीकि ने मरा-मरा का जाप से भगवान को प्राप्त कर लिया। राम से बड़ा राम का नाम जो भी नाम रूपी राम की शरण लेता है, वह भवसागर से पर हो जाता है। उक्त उद्गार ग्राम पचामा में पूज्य संत धर्म रक्षक श्री श्री 108 पंडित दुर्गा प्रसाद जी कटारे बाबा के सानिध्य में श्री मारुति नंदन महायज्ञ में चल रही सप्त दिवस श्री राम कथा के तृतीय दिवस राष्ट्रीय संतकथा व्यास पंडित मोहितरामजी पाठक ने व्यक्त किये। राम कथा के दौरान भगवान शिव की कथा का वर्णन करते हुए कहा कि भगवान शिव संसार के इश्वर है, आदि और अनादि है, विश्वेश्वर है, त्रंबकेश्वर माहेश्वर है। ओंकारेश्वर जब अपनी शक्ति को धारण करते हैं, तो अर्धनारीश्वर बन जाते हैं शिव शक्ति की ज्योति का मिलन होता है और यही से सनातन का उदय होता है जहां शिव है वहां धर्म है जहां शक्ति है वहाँ पूजा है वहां परमात्मा है वहां महात्मा आदि शक्ति माँ की कृपा कहीं गंगा कहीं जमुना कहीं नर्मदा के रूप में हमें प्राप्त हुई है। यही सनातन का अनंत स्वरूप है। आगे कथा में वर्णन करते हुए कहा शिव और शक्ति से सनातन का उदय हुआ है । जहां महादेव हैं वहां राम है वहां गौ माता है जहां गौमाता है गोविंद है गंगा है गुरु है वही सनातन है। आज हम हिंदू नव वर्ष मना रहे हैं इसलिए संपूर्ण भारतवासी भगवान राम और सनातन की शरण ग्रहण करें। यही हर कथा व्यास संत सभी सनातनीयो का लक्ष्य होना चाहिए। आज तृतीय दिवस की कथा में बड़े धूमधाम से भगवान शिव पार्वती का विवाह महोत्सव मनाया जाएगा। आयोजन समिति ग्राम पचामा ने संपूर्ण क्षेत्रवासियों से कथा में पधारकर धर्म लाभ लेने का आग्रह किया है।

# कार्यशाला का आयोजन : स्वस्थ जीवनशैली को लेकर विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को दिए टिप्स

**इछावर।** नगर के शासकीय स्नातक महाविद्यालय मे शनिवार को स्वास्थ्य जागरूकता एवं विश्व स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें स्वास्थ्य विशेषज्ञों द्वारा विद्यार्थियों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता एवं स्वस्थ जीवनशैली को लेकर जानकारियां दी गई। इसी दौरान छात्र-छात्राओं द्वारा स्वास्थ्य को लेकर कई रौचक सवाल पूछे जिनका विशेषज्ञों ने जवाब देते हुए उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया।



रविवार को आयोजित कार्यशाला मे मुख्य अतिथि के रूप में डॉक्टर अंकित चाण्डक एवं डॉक्टर शुभम शर्मा और डॉक्टर मुकेश व्यास विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थे। जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता कालेज प्राचार्या डा सुनीता यादव ने की । कार्यक्रम में विद्यार्थियों को स्वास्थ्य सजकता एवं स्वस्थ जीवन शैली को लेकर विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई साथ ही स्वास्थ्य को लेकर उनकी विभिन्न जिज्ञासाओं का विशेषज्ञों द्वारा समाधान किया गया ।कार्यक्रम समन्वयक डा कलावती गाडरिया,संयोजक डा.विमल तिवारी ,आयोजक विनीत शर्मा ने कार्यक्रम मे सहभागिता करते हुए विद्यार्थियों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने की सलाह दी।कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद मुख्य अतिथि डॉक्टर श्री चाण्डक ने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने के कई टिप्स बताएं खासकर महिलाओं को स्वास्थ्य के प्रति अधिक सजग रहने की हिदायत दी गई । इसीके साथ उन्होंने स्वास्थ्य को लेकर सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं एवं कार्यक्रमों की जानकारी दी। डॉक्टर मुकेश व्यास ने पर्सनल हाईजीन को विस्तारपूर्वक समझाया। डॉक्टर शुभम शर्मा द्वारा तम्बाकू निषेध तथा मुख कैंसर से बचने के उपायों की जानकारी दी गई।

कार्यशाला में विनीत शर्मा ने स्वच्छ पर्यावरण और उत्तम स्वास्थ्य को लेकर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में सीताराम विश्वकर्मा, अरविंद बैस,दीप्ति चौरसिया, राजेश अहिरवार, शरद मेश्राम, कमलेश वर्मा आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे । इस दौरान कई छात्र- छात्राओं ने स्वास्थ्य को लेकर कई रौचक सवाल पूछे , जिनका चिकित्सकों ने जवाब दिएं । कार्यशाला में बडी संख्या में विद्यार्थियों की बीपी , शुगर आदि की जाँच भी की गई। कार्यक्रम का संचालन डा विमल तिवारी ने किया जबकि आभार प्राचार्य डा यादव ने व्यक्त किया।

# एक तरफा मुकाबले में एमपी-20 ने डीएफए सीहोर को 2-0 से हराया



**सीहोर।** शहर के चर्च मैदान पर 45 दिवसीय निशुल्क फुटबाल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसके अलावा अंडर-20 नेशनल फुटबाल टीम का चयन प्रक्रिया भी चल रही है। शनिवार को खेले गए एक मैच में एमपी-20 ने डीएफए सीहोर को 2-0 से हराया।

जिला फुटबाल एसोसिएशन के सचिव मनोज कन्नोजिया ने बताया कि शनिवार को एक मात्र फुटबाल मैच खेला गया था, जिसमें एमपी-20 ने जीत हासिल की। इस मैच में एमपी-20 की ओर से मैच के 36 वें मिनिट में गौरव ने गोल किया और उसके बाद किशन ने मैच के 72 वें मिनिट में एक ओर गोल कर डीएफए सीहोर को 2-0 से हराया। इसके अलावा आज नेशनल कैंप में कोच आशीष पिल्ले, मनोज दीक्षित माम, विपिन पवार आदि ने खिलाडियों को एक्साइज के अलावा खेल की बारीकियों से अवगत किया।

# पीपीसीए ने एसजी को तीन विकेट से हराया

**सीहोर।** शहर के बीएसआई मैदान खेली जा रही अंडर-16 विधायक क्रिकेट ट्राफी में शनिवार को खेले गए एक मैच में पीपीसीए ने एसजी अकादमी को तीन विकेट से हराया। इस मैच में नमन सक्सेना ने शानदार गेंदबाजी करते हुए तीन विकेट और अंशु ने 48 रन की बल्लेबाजी की।



शनिवार को ट्रास जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी एसजी अकादमी ने 32.3 ओवर में 10 विकेट पर 148 रन बनाए थे। इसमें सौफी ने 25 गेंद पर 28 रन, श्रीयश ने 21 रन और मदनान ने 14 रन बनाए थे। इधर पीपीसीए की ओर से गेंदबाजी करते हुए नमन ने तीन विकेट, सक्षम-अंशु ने दो-दो विकेट, लक्की, राजा और अर्पित ने एक-एक विकेट हासिल किए।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी पीपीसीए अकादमी ने सात विकेट खोकर 21 ओवर में जीत हासिल की। इसमें अंशु ने 48 रन की विस्फोटक पारी खेली, आदिल ने 32 रन, अंश गावा ने 20 रन और सुरेश भारती ने 14 रन बनाए थे। वहीं एसजी अकादमी की ओर से गेंदबाजी करते हुए देवांश-विश्वजीत ने दो-दो विकेट, दीपेश-मृदुल ने एक-एक विकेट हासिल किया।

### सोमवार को खेला जाएगा मुकाबला

डीसीए के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि रविवार को विश्राम दिवस होने के कारण आगामी मुकाबला सोमवार की सुबह इंडियन क्रिकेट टीम और एसजी के मध्य खेला जाएगा।

### सड़क पर मवेशी छोड़ने पर होगी दंडात्मक कार्रवाई

**सीहोर।** सड़क पर पाये जाने वाले गोवंश को स्थानीय निकाय के कर्मचारियों द्वारा किसी सुदूर गोशाला या गोठान में पहुँचा दिया जायेगा। दुधारू गोवंश को छोड़ने पर पशु मालिक पर आर्थिक रूप से दण्डात्मक कार्रवाई की जायेगी।

जाहिर सूचना

**जाहिर सूचना ग्राम रामपुरा प०ह० न० 34 तहसील इछावर जिला सीहोर**

एदत द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जा रहा है कि मेरे पक्षकारगणो के द्वारा विक्रेता भूमि स्वामी माधुरी जायसवाल पत्नी सुभाष जायसवाल जाति कलाल निवासी बैरागढ (भोपाल) कृषक ग्राम रामपुरा प०ह०न० 34 तह इछावर जि सीहोर के स्वामित्व की भूमि खसरा क्रमांक 209/1, 209/3, 209/4, 209/5, 209/6, 209/7, 209/8, 209/9, 209/10, 209/11, 209/12, 209/13, 209/14, 209/15/1 कुल रकबा 4.343 है० यानि 10.73 एकड़ ऋण पुस्तिका क्रमांक 11091649824,, एवं भूमि खसरा क्रमांक 209/15/2, 209/16, 209/17. 209/18, 209/19, 209/20, 209/21, 209/22, 209/24, 209/25, 209/26, 209/27. 209/28, 209/29, 209/30, 209/31, 209/32/1 कुल रकबा 4.342 है० यानि 10.72 एकड़ ऋण पुस्तिका क्रमांक 11091650497, एवं भूमि खसरा क्रमांक 209/15/2, 209/16, 209/17, 209/18, 2019/19, 209/20, 209/21, 209/22. 209/24, 209/25, 209/26, 209/27, 209/28, 209/29, 209/30, 209/31, 209/32/1 कुल रकबा 4.343 है. यानि 10.72 एकड़ ऋण पुस्तिका क्रमांक 11091651785, एवं भूमि खसरा क्रमांक 209/15/2, 209/32/2, 209/33, 209/34, 209/35, 209/36, 209/37, 209/38, 209/40/1 कुल रकबा 4.342 है. यानि 10.72 एकड़ ऋण पुस्तिका क्रमांक 11091652227, एवं भूमि खसरा क्रमांक 258/201/1/1/2 कुल रकबा 0.405 है. यानि 1.00 एकड़ इस प्रकार उपरोक्तानुसार कुल 05 खाता एवं बही अनुसार कुल भूमि रकबा 17.774 है. यानि कि 43.92 एकड़ भूमि को क्रय करने का अनुबंध दिनांक 03.02.2024 को किया गया है। जिसका विक्रय अनुबंध पत्र में मेरे पक्षकारगणो के द्वारा बयाना राशि विक्रेता को अदा की जा चुकी है इस संबंध में उक्त भूमि पर यदि किसी व्यक्ति अथवा वित्तीय संस्था अथवा बैंक, शासकीय, अशासकीय, कार्यालय आदि का कोई हक हित, अधिकार, हिस्सा हो या बकाया हो, या उक्त भूमि पर किसी भी प्रकार का स्वत्च, हित रखने वाले आम एवं खास को किसी प्रकार की विधिसम्मत कोई आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के आठ दिवस के भीतर मेरे कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित रुप में मय दस्तावेज के प्रस्तुत करें। निर्धारित अवधि व्यतीत होने पर मेरे पक्षकार गण द्वारा उपरोक्त भूमियों का विक्रय पत्र का पंजीयन निष्पादित करा लिया जावेगा फिर किसी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी और ना ही मेरे पक्षकारगण पर बन्धनकारी होगी।

**भवदीय, वीरेंद्र टुवानी (माहेश्वरी)**
**एडवोकेट बालाजी सुपर बाजार के पास शीला सदन नादान रोड इछावर**
**मो. 9826797977**

### स्वास्थ्य परीक्षण शिविर के शुभारंभ अवसर पर विधिक जागरूकता का आयोजन किया गया

# जिला जेल सीहोर के 314 बंदियों का हुआ विशेष स्वास्थ्य परीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला न्यायाधीश व अध्यक्ष सतीश चंद्र शर्मा के मार्गदर्शन में शनिवार को जिला जेल सीहोर में विशेष स्वास्थ्य परीक्षण शिविर सह जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। उक्त स्वास्थ्य परीक्षण शिविर के शुभारंभ अवसर पर विधिक जागरूकता का आयोजन किया गया, जिसमें जीशान खान जिला विधिक सहायता अधिकारी, डॉ. आर.के. वर्मा, जेल अधीक्षक कु. प्रतिभा पटेल, जेल उप अधीक्षक ज्योति तिवारी, लीगल एड डिफेंस काउंसिल्स आसिफ खान, राजेन्द्र कुशवाह, कु. संयोगिता सोलंकी, पैनल लॉयर्स, अधिवक्तागण, पैरालीगल वालेन्टियर्स एवं जिला चिकित्सालय से डॉक्टर्स की टीम एवं अन्य चिकित्सीय स्टॉफ उपस्थित रहे। स्वास्थ्य जांच शिविर के दौरान जिला चिकित्सालय के अस्थि रोग विशेषज्ञ, नेत्र रोग,



दंत रोग, ई.एन.टी., मनोरोग, चर्मरोग, मेडिसिन विशेषज्ञ डॉक्टर, पीजीएमओ सर्जिकल एवं अन्य सहायक व टेक्नीशियन स्टॉफ द्वारा महिला एवं पुरूष जेल बंदियो को मिलाकर कुल 314 बंदियों एवं 02 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जाकर मरीजों को चिकित्सीय परामर्श दिया गया तथा निःशुल्क दवाईयां वितरित की गई। शिविर के दौरान जीशान खान जिला विधिक सहायता अधिकारी ने उक्त शिविर में सहयोग के लिए जिला चिकित्सालय के स्टॉफ को सहयोग के लिए बधाई दते हुए कहा कि आप सेवा का कार्य कर रहे है, उपस्थितों से कहा कि आप सभी अपनी सेहत का ध्यान रखे, नियमित व्यायाम करें और स्वस्थ्य रहें। साथ ही प्ली बारगेनिंग, विधिक सहायता योजना के बारे में विस्तार से बताया गया।

पैनल अधिवक्ताओं तथा लीगल एड डिफेंस काउंसिल द्वारा बंदियो के प्रकरणों में पेशियों तथा अद्यतन स्थिति से अवगत कराया गया। विधिक परामर्श प्रदान किया गया तथा विधिक सहायता हेतु इच्छुक बंदियों की जानकारी भी ली गई।


### सेकंड ईयर की परीक्षा 20 मई से

**सीहोर।** राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (आरजीपीवी) की डिप्लोमा फार्मेसी के सेकंड ईयर की परीक्षा के लिए टाइम टेबल जारी कर दिया है। यह परीक्षा 20 मई से शुरू होगी। परीक्षा का समय सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे रहेगा। परीक्षा का टाइमटेबल लोकसभा चुनाव को देखते हुए तैयार किया गया है। बता दें कि प्रदेश में चार चरणों में चुनाव 13 मई तक समाप्त हो जाएगा। इसके बाद 6 दिन का समय मिलेगा, जिसमें जरूरी तैयारी पूरी कर ली जाएंगी। परीक्षा को लेकर इस संबंध में विवि की डिप्लोमा विंग ने सभी कॉलेजों को सूचना भेजी है। साथ ही यह भी कहा है कि मर्सी अवसर के परीक्षार्थियों को अनिवार्य रूप से शपथ-पत्र या घोषणापत्र प्राप्त किए जाएं। छात्र परीक्षा आवेदन 4 मई तक जमा कर सकते हैं।

### बैतूल में शनिवार रात्रि 1 बजे के लगभग हुआ हादसा, पहले ट्रक ने मारी टक्कर

# छिंदवाडा चुनाव ड्यूटी से लौट रहे जवानों की बस पलटी, 21 घायल





**राजगढ़ एसपी, कलेक्टर ने फोन कर जाना घायलों का हाल-चाल, ली अपडेट**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

शनिवार तड़के बैतूल जिले की सीमा में एक बड़ा हादसा हो गया। छिंदवाड़ा लोकसभा चुनाव में ड्यूटी के लिए जिले से गए पुलिसबल एवं होमगार्डस सैनिकों से भरी एक बस ट्रक से टकराकर अनियंत्रित होते हुए भोपाल-बैतूल हाईवे पर पलट गई। हादसे में 21 पुलिसकर्मी एवं जवान घायल हुए हैं जिन्हें नजदीकी अस्पताल में भर्ती करवाया गया। गनीमत से बड़ी जनहानि नहीं हुई है।

घटना की जानकारी लगते ही पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा एवं रक्षित केंद्र निरीक्षक रविकांत शुक्ला ने बैतूल के अधिकारियों से पल-पल की जानकारी लेते हुए घायल पुलिसकर्मियों की अपडेट ली। इसके साथ ही इन पुलिसकर्मियों के परिजनों को भी परिस्थितनुसार अवगत कराया गया। उधर, शनिवार सुबह कलेक्टर हर्ष दीक्षित ने भी घायल पुलिसकर्मियों का हालचाल जानते हुए कुछ से बातचीत की।

**बस में सवार थे 46 पुलिसकर्मी, 21 हुए घायल**

जानकारी के अनुसार शनिवार 20 अप्रेल को रात्रि करीब 1 बजे बस क्रमांक एमपी-13 पी-2233 छिंदवाड़ा से राजगढ़ आ रही थी। बस में कुल 41 पुलिसकर्मी बैठे हुए थे। इस दौरान बैतूल-भोपाल हाईवे पर बाचा गांव की पुलिस के नजदीक नर्मदापुरम तरफ से आ रहे ट्रक क्रमांक एमपी-07 एचबी-7413 के चालक ने लापरवाही से बस में टक्कर मार दी। टक्कर के बाद बस अनियंत्रित होकर पलटी मार गई।

हादसे में घायल हुए पुलिसकर्मियों में चालक असलम पिता मानखा पिंजारा निवासी भोजपुर, सैनिक राहुल सौलंकी, सैनिक रमेषचंद्र, सैनिक मुकेष यादव, सैनिक मोहनलाल, सैनिक पर्वत सिंह, सैनिक सुरेष शर्मा, सैनिक रामबाबू, सैनिक हरिप्रसाद, सैनिक इंदरपाल सिंह, सैनिक भगवान सिंह, नारायण, सैनिक नरेंद्र सिंह, सैनिक माधव, सैनिक सज्जन सिंह, नायक भंवर सिंह, सैनिक तंवरसिंह, सैनिक अमरसिंह घायल हुए हैं। इनका ईलाज शाहपुरा अस्पताल में करवाया गया।

**गंभीर घायलों को भेजा बैतूल जिला अस्पताल**

इसके साथ ही हवालदार अनुदेषक रघुवंषी, सैनिक बलवंत सिंह, सैनिक जोगिंदर सिंह, सैनिक धनसिंह वर्मा, सैनिक अमरसिंह, सैनिक कैलाष जायवाल, नायक भागीरथ जाटव, सैनिक प्रसारथ अली, सैनिक सरदार सिंह को गंभीर हालत में बैतूल जिला अस्पताल भिजवाया गया। जिले के आरआई रविकांत शुक्ला ने बताया कि गनीमत से बड़ी जनहानि नहीं हुई है। आरक्षकों, सैनिकों व अन्य पुलिसकर्मियों को चोंट आई हैं वहीं कुछ गंभीर रूप से घायल हैं। कुछ पुलिसकर्मियों के परिजनों के भी बैतूल रवाना होने का समाचार है।

# आवारा कुत्ते के काटने से पांच साल की मासूम हुई लहुलुहान

### कुत्ते ने सिर, पैरों का मांस कई जगहों पर नोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



शहरी क्षेत्रों के साथ-साथ अब ग्रामीण क्षेत्रों में भी आवारा कुत्तों का आतंक बढ़ता जा रहा है। आए दिन इन कुत्तों काटने से नन्हें बच्चों के साथ ही बड़े भी घायल हो रहे हैं।

शनिवार सुबह फिर से हुई इसी तरह की एक घटना में प्रतापगंज पंचायत के लक्ष्मणपुरा गांव निवासी एक 5 साल की नन्हीं बच्ची को कुत्ते ने कई जगहों पर काटकर लहुलुहान कर दिया। घटना के बाद गंभीर रूप से घायल मौसम पुत्री रामचरण तंवर को जिला अस्पताल लाया गया जहां उसे रेबीज का इन्जेक्षन सहित जरूरी उपचार दिया गया। घायल बच्ची के चाचा महेष तंवर ने बताया कि बालिका घर के बाहर खेल रही थी, उसी दौरान कुत्ते ने उस पर हमला करते हुए कई जगहों पर काटकर मांस नोच खाया।

**राजगढ़ शहर में भी कुत्तों से सब हलाकान**

आवारा कुत्तों के आतंक से राजगढ़ शहर भी अछूता नहीं है। इन कुत्तों से खुजनेर रोड के बाषिंदे बहुत ज्यादा परेषान और भयभीत हैं। रात्रि के समय तो अकेला व्यक्ति पैदल तक नहीं निकल सकता। इसके साथ ही मेन मार्केट में भी इन आवारा कुत्तों के कारण रहवासी दहषतजदा हैं।


## सामाजिक कार्यक्रमों में मतदान के प्रति किया जागरूक




**कुरावर**। नगर परिषद द्वारा प्रतिदिन मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत सामाजिक कार्यक्रमों में लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया जा रहा है कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जिला राजगढ़ के निर्देशानुसार स्विफ्ट कार्यक्रम के अंतर्गत आज सामाजिक समरसता रैली में आमजन को सत प्रतिशत मतदान के लिए जागरूक किया गया एवं स्वीप प्रभारी अरविंद मिश्रा के द्वारा नैतिक निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की शपथ ग्रहण कराई गई प्रमुख रूप से श्री रामबाबू मीणा राजेंद्र सिंह बना राजू मीना नंदकिशोर जायसवाल नंदकिशोर जायसवाल नगर परिषद कुरावर कर्मचारी कैलाश पवार दौलत सिंह मीणा मनोज शर्मा गोपाल सक्सेना अरुण चंद्रवंशी महेश वर्मा उपस्थित रहे।

### सफाई के दौरान मिले बुजुर्ग के रुपए लौटाए

## नपा कर्मचारी दीपक इंदौरे ने पेश की ईमानदारी की मिसाल



**सुठालिया**। बीते कुछ दिन पहले नपा परिषद के एक कमरे की सफाई दीपक इंदौ रे द्वारा की गई जिसमें कुछ पेटी पड़ी हुई थी जिनको उठाकर कर्मचारियों द्वारा छत पर रखते समय हाथ से पेटी गिर गई तो उसमें से कुछ पैसे बाहर निकल आए जब कर्मचारियों द्वारा पेटी को खोला तो उसमें से चालीस हजार 570 रुपए निकले सफाई कर्मी द्वारा इसकी पूछताछ उसने नपा परिषद में की तो पता चला की परिषद में ही मदन माली नाम के बुजुर्ग व्यक्ति कई दिनों से रह रहा है उसने बताया यह रुपए मेरे हैं जो मैंने कई दिनों से इकट्ठा करके रखे हुए थे इसके बाद कर्मचारिनपा कर्मचारी दीपक इंदौरे ने पेश की ईमानदारी की मिसाल सफाई के दौरान मिले बुजुर्ग के रुपए लौटाए।

## *वन विभाग के अमले ने अवैध रूप से जा रहे लकड़ी के ट्रैक्टर को धर दबोचा*



*खिलचीपुर। वन संरक्षण के लिए वन विभाग लगातार वृक्षों पर कुल्हाड़ी चलाने वालों तथा अवैध रूप से हो रहे लकड़ी के परिवहन को रोकने के लिये कार्यवाही करती ही रहती है, ऐसी ही एक कार्यवाही अवैध रूप से ले जा रहे लकड़ी से भरे ट्रैक्टर को खिलचीपुर वन विभाग टीम ने पकड़ा, ओर वाहन को कार्यालय में खड़ा करा कर ट्रैक्टर मालिक पर प्रकरण दर्ज किया गया, वन विभाग की टीम में वनरक्षक सहायक ओम प्रकाश दांगी,हेमराज कुशवाह , उमेश वर्मा उपस्थित रहे ,उक्त सूचना वन विभाग सहायक ओम प्रकाश दांगी द्वारा दी गई।*

## सुंदर लय और ताल के साथ होगा सामूहिक सुंदरकांड

### हनुमान जन्मोत्सव पर होने वाले भव्य आयोजन को लेकर तैयारियां

**ब्यावरा**। श्री अंजनीलाल मंदिर धाम पर मंगलवार 23 अप्रैल को श्री हनुमान जन्मोत्सव के शुभ अवसर पर सामुहिक सुंदरकाण्ड के रूप में एक अद्भुत आयोजन होगा. इस दिन सुंदर लय व ताल के साथ बिना रूके, बिना थके, बिना भजनों के अद्वितीय 'सामुहिक सुंदरकाण्ड' पाठ का आयोजन होगा।

अंजनीलाल मंदिर धाम पर आयोजित होने वाले इस अनूठे धार्मिक आयोजन के प्रति आम लोगो में अपार उत्साह देखने को मिल रहा है। श्रद्धालु सुंदरकाण्ड में शामिल होने हेतु अपना पंजीयन कराने प्रतिदिन मंदिर धाम पर पहुंच रहे है। कार्यक्रम में ट्रस्ट परिवार द्वारा नगर की सभी सुंदरकाण्ड मंडलियों सहित आम श्रद्धालुओं को आमंत्रित किया है। सामुहिक सुंदरकाण्ड का पाठ एक सुंदर लय व ताल के साथ मध्यम संगीत की धुन के बीच शांत माहौल में किया जाए। यह दृश्य अद्भुत होगा जब एक साथ सैकड़ों लोग माइक से अधिक अपने स्वर से सुंदर चैपाईयों का गान कर मंदिर धाम परिसर को गुंजायमान कर सभी में आनंदित भाव पैदा करेंगे. नगर में दूसरी बार हो रहे इस अद्भुत व अद्वितीय आयोजन को लेकर आम लोगो में अपार उत्साह है।

**सफेद कुर्ता-पायजामा पीली साड़ी होगी वेशभूषा**

गत वर्षानुसार इस वर्ष भी यह तय किया है कि पुरूष वर्ग सफेद कुर्ता-पायजामा, धोती पहनकर आयेंगे। समितियों के अलावा भी सभी लोगो से इसी गणवेश में आने की अपेक्षा की गई है. जबकि महिलाओं से पीले वस्त्रों के साथ आने की अपेक्षा की गई है।

**सामूहिक पाठ के लिए अनिवार्य रूप से कराना होगा पंजीयन**

सामुहिक सुंदरकाण्ड में शामिल होने हेतु श्री अंजनीलाल मंदिर ट्रस्ट परिवार ने आम श्रद्धालुओं से पंजीयन कराने का आग्रह किया है। मंदिर ट्रस्ट परिवार द्वारा मंदिर धाम पर प्रतिदिन प्रातः 9 से दोपहर 12 बजे तक पंजीयन करने की व्यवस्था की गई है। सुंदरकाण्ड का आयोजन मंगलवार 23 अप्रैल को होगा। मंदिर ट्रस्ट परिवार द्वारा पंजीकृत श्रद्धालुओं के लिय अलग से बैठक, आरती, प्रसादी आदि की व्यवस्था की जायेगी। जैसे ही यह संख्या पूरी हो जायेगी पंजीयन बंद कर दिया जायेगा। यद्यपि इससे अधिक संख्या बढने पर भी कोई भी सामुहिक पाठ में शामिल हो सकेगा लेकिन निर्धारित बैठक व्यवस्था में शामिल नहीं हो पायेगा।

## पचोर-खुजनेर मार्ग पर ट्रक व बाइक की भिड़ंत

### एक महिला कि मौत, पिता और पुत्री गंभीर घायल, चालक गिरफ्तार



**खुजनेर**। पचोर खुजनेर स्टेट हाइवे पर शुक्रवार रात 11.30 बजे हुई ट्रक और बाइक की सीधी भिड़ंत में बाइक पर सवार एक महिला की मौत जबकि बाइक चालक पिता और पुत्री गंभीर घायल हो गए। पचोर पुलिस ने घायलों को पचोर अस्पताल में भर्ती कराया जहां से रेफर किया गया है। वहीं ट्रक जब्त कर लिया गया।

शुक्रवार रात 11बजकर 30 बजे अपने रिश्तेदार के यहां सेमली धाकड़ गांव मे शादी समारोह में शामिल होकर बाइक से वापस बांसखेड़ा जा रहे पिता पुत्री और महिला को खुजनेर की ओर से आ रहे ट्रक क्रमांक आरजे 20-ळठ-4117 के चालक ने सीधी टक्कर मार दी। जिसमें महिला चंद्रकला नागर (40) कि घटना स्थल पर ही मौत हो गई। जबकि बेटी राधिका नागर (22) और पिता रमेशचंद्र नागर (50) गंभीर रूप से घायल हो गए। रमेश चंद्र का पैर फ्रैक्चर हो गया, जबकि राधिका के पैरों की उंगलियां टूट गई। वहीं घटना रायपुरिया जोड़ के समीप की है। जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पचोर थाना प्रभारी आकांशा शर्मा की टीम ने घायलों को तुरंत पचोर अस्पताल पहुंचाया जहां से प्राथमिक उपचार उपरांत रेफर किया गया है। जबकि ट्रक चालक को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है।

### राजगढ़ में चार दिवसीय 24 कुंडीय महायज्ञ 27 अप्रैल से

**राजगढ़**। गायत्री परिवार के तत्वावधान में राजगढ़ में आगामी 27 अप्रेल से 24 कुंडीय महायज्ञ का आयोजन करवाया जा रहा है। 30 अप्रेल तक चलने वाले इस वृहद आयोजन के लिए समिति द्वारा बड़े स्तर पर तैयारियां करते हुए प्रज्ञा भवन में यज्ञ पांडाल बनवाते हुए अन्य व्यवस्थाएं की जा रही हैं। गायत्री परिवार के राजू भदौरिया ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान बच्चों का पुंसवन संस्कार, नामकरण, अन्नप्राषन, मुंडन, यज्ञापवीत, दीक्षा संस्कार निःषुल्क करवाया जाएगा।

## हिंदू युवा वाहिनी संगठन के कार्यकर्ताओं ने निकाला राम जन्म उत्सव चल समारोह

**जगह-जगह भगवान श्री राम की पूजा की गई**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरावर



रामनवमी जन्म उत्सव के तहत मर्यादा पुरुषोत्तम श्री रामचंद्र जी का जन्म उत्सव चल समारोह आज कुरावर नगर में निकाला गया। चल समारोह सब्जी मार्केट तलेन रोड पर भगवान श्री रामचंद्र जी का रथ सजाकर उनकी प्रतिमा रथ पर सवार कर प्रतिमा की पूजा माल्यार्पण कर चल समारोह को मार्केट में निकला गया।

मार्केट में जगह-जगह भगवान श्री राम की पूजा की गई और कार्यकर्ताओं का स्वागत पुष्प वर्षा के साथ जलपान के साथ कराया गया चल समारोह का समापन मीणा नगर कॉलोनी में भगवान की प्रतिमा की महा आरती कर और महाप्रसादी वितरण कर समापन किया गया इस अवसर पर इस अवसर पर संगठन के वरिष्ठ कार्यकर्ता प्रदेश उपाध्यक्ष रामबाबू मीणा जिला अध्यक्ष राजेंद्र सिंह उमठ जिला मीडिया प्रभारी सुनील साहू जिला संयोजक हेमंत मीणा मंडल अध्यक्ष राजेश गुप्ता मंडल मंत्री नरेंद्र सिंह मीणा अजय सिंह गोविंद सेन जितेंद्र शर्मा मैकेनिक एवं नगर के लोग उपस्थित रहे सभी का आभार राजू मीणा ने किया।

### आए दिन लगते जाम से लोग हो रहे परेशान, जिम्मेदार बने बेखबर

# शादी सीजन के चलते बाजारों में बढ़ी भीड़, बीच बाजार में खड़े हो रहे दोपहिया वाहन, आवागमन हो रहा बाधित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

शादी सीजन के चलते बाजार में खरीदारी करने वालों की भीड़ बढ़ी हुई है। वहीं बाजार में बेतरतीब खड़े किए जा रहे दो पहिया वाहन लोगों की परेशानी का कारण बने हुए हैं। क्योंकि शहर का बाजार पहले से ही अव्यवस्थित होने के साथ काफी संकरा है। दोपहिया वाहनों की बाजार में आवक बढ़ने से दुकानदार भी परेशान बने हुए हैं। इन सबके बावजूद प्रशासन द्वारा ध्यान नही दिया जा रहा है।

**शादी ब्याह के कारण उमड़ रही भीड़**

सीजन में की जाने वाली खरीदारी के चलते शहर में आमजन की आवाजाही बढ़ गई है। आमजन के साथ वाहनों का भार भी नगर पालिका के मुख्य बाजार में देखने को मिल रहा है। भेरू दरवाजा बाजार पहले से ही अव्यवस्थित होने के साथ काफी संकरा है। जगह-जगह अस्थाई अतिक्रमण के अलावा 8 से 10 फीट की सड़क होने से भी यहां पहुंचने वाले लोगों को परेशानी होती है। ऐसे में यहां दो पहिया वाहनों के खड़े हो जाने से आवागमन बाधित होता है, जिससे शहरवासी के साथ खरीददारी के लिए आए लोग भी परेशान हो रहे है।

**पैदल चलना भी हुआ दुश्वार, नपा नहीं उठा रही ठोस कदम**

बाजारों में दोपहिया वाहन से चलना तो छोड़िए यहां पैदल चलना भी लोगों के लिए भारी पड़ रहा है। हाल यह है कि, यहां खरीददारी के लिए पहुंचने वाले ग्रामीणों के साथ शहरवासी भी भीड़-भाड़ के कारण परेशान है। भीड़ बढ़ने के साथ दोपहिया वाहनों की बाजार में आवक दुकानदारों को भी परेशान किए हुए है। इन सबके बावजूद न तो प्रशासन द्वारा ध्यान दिया जा रहा है ओर न हीं नगर पालिका द्वारा इस दिशा में कोई कदम उठाए जा रहे है।

**यहां वहां खड़े होते है दो पहिया वाहन**

जोशी दवाखाना अटेंशन चैराहा भेरू दरवाजा के मुख्य बाजार की चैडाई पहले ही कम है, उधर बड़ी संख्या में बीच बाजार में ही लोगों द्वारा खड़ी की जाने वाली बाइकों के कारण स्थिति और भी खराब हो जाती है। शहर में इन दिनों ग्रामीण क्षेत्र से बड़ी संख्या में लोगों की आवाजाही हो रही है, जिससे बाजार में इन दिनों मेला सा दृश्य नजर आ रहा है, लेकिन यहां वहां खड़े दो पहिया वाहन परेशानी की वजह बने हुए हैं।

**अतिक्रमण बना परेशानी का कारण**

नगर में अस्थाई अतिक्रमण सबसे बड़ी समस्या का कारण बना हुआ है। इस समस्या के निराकरण के लिए न प्रशासन ध्यान दे रहा है और न ही नगर पालिका इस दिशा में कोई ठोस कदम उठा रही है। ऐसी स्थिति में शादी सीजन में खरीददारी के लिए आने वाले लोगों को परेशानी हो रही है। बाजारों में हो रहा अस्थाई अतिक्रमण भी समस्या का मुख्य कारण बना हुआ है।

**नहीं है ट्रैफिक व्यवस्था का इंतजाम**

अभी तक जिम्मेदारों ने बढ़ती समस्या को रोकने कोई ठोस प्लान तैयार नहीं किया है। न ही यहां पार्किंग व्यवस्था बनाई है और न ही इसके संचालन के लिए जिम्मेदारी दी गई है। ऐसे में लोगों द्वारा भी यहां वहां अपने वाहनों को खड़ा कर दिया जाता जिससे यातायात व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है। शहर के बाजारों की स्थिति दयनीय बनी हुई है, जिससे क्षेत्रवासी खासे परेशान है।

**पुलिस का लेंगे सहयोग**

जल्द नपा द्वारा पुलिस के सहयोग से भेरू दरवाजा रोड़ पर दुकानदार के रखे समान की जप्ति कर चालानी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही दो पहिया वाहन की पार्किंग के लिए स्थान का चयन किया जाएगा।

**लालसिंह डोडिया,** नपा सीएमओ सारंगपुर।

### जिला शिक्षाधिकारी ने दिए संकेत

## भीषण गर्मी के चलते सोमवार से स्कूलों के समय में होगा परिवर्तन



**राजगढ़**। जिले में भीषण गर्मी का दौर शुरू हो चुका है वहीं दिन के साथ-साथ रात्रि में भी लू की लपटें चल रही हैं। गर्मी के कारण लोगों ने दोपहर में घरों से बाहर निकलना तक बंद कर दिया है। नवीन शैक्षणिक सत्र भी चल रहा है जिसके तहत 30 अप्रेल तक सभी स्कूल लगेंगे।

लेकिन, इस भीषण गर्मी से बच्चों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव न पड़े इसको देखते हुए षिक्षा विभाग कल 22 अप्रेल से जिले की सभी शासकीय एवं अषासकीय शालाओं(प्राथमिक एवं माध्यमिक) का समय परिवर्तित करने जा रहा है। गर्मी के चलते दोपहर 12 या 1 के बाद कक्षा आठवीं तक का कोई भी स्कूल संचालित न करवाने का निर्णय अधिकारीगणों ने लिया है। जिला षिक्षाधिकारी देवेंद्र रघुवंषी ने बताया कि समय में परिवर्तन किया जा रहा है जिसके आदेष जल्द जारी किए जाएंगे।

**41 डिग्री से ज्यादा चल रहा है तापमान**

इन दिनों जिले का अधिकतम तापमान भी 41 डिग्री के आसपास बना हुआ है। मौसम विभाग ने आगामी दिनों में तापमान में और भी ज्यादा बढ़ोतरी के संकेत दिए हैं। ऐसे में छोटे बच्चों के स्वास्थ्य के लिहाज से स्कूलों के समय में परिवर्तन किए जाने की मांग अनेकों अभिभावकों द्वारा की जा रही थी।

**खबर संक्षेप**

## नरवाई जलाने से फसल उत्पादन में कमी आती है

**सीहोर।** किसानों द्वारा गेंहूँ फसल की कटाई का कार्य बढी तेजी से जारी है। किसानों से कृषि विभाग ने आग्रह किया है कि किसान गेंहूँ की नरवाई नही जलाये। इसके लिए प्रशासन द्वारा पूर्व से ही गेंहूँ की नरवाई जलाये जाना प्रतिबंधित किया गया हे। किसान गेंहू फसल के ठूठ नरवाई को जलाने से खेत की उर्वरक क्षमता में कमी आती है। गेंहूँ की नरवाई को रोटेवेटर की सहायता से खेत की मिटटी में मिलाये इससे नरवाई मिटटी में मिलाने से देशी खाद का काम करता है और फसल के उत्पादन में वृद्वि होती है। कृषि विभाग के अधिकारियों एवं कृषि वैज्ञानिकों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में भ्रमण कर किसान भाई को नरवाई न जलाने की सलाह एवं समझाइश निरंतर दी जा रही है। उप संचालक कृषि ने बताया कि विभाग के अधिकारी अपने निरन्तर भ्रमण के दौरान किसानों को समझाइश दे रहे है कि किसान अपने खेत की नरबाई नही जलाये और नरवाई नही जलाने के फयदे बता रहे है। किसान अपने खेत की नरवाई जलाने के स्थान पर रोटेवेटर चलाकर नरवाई खेत की मिटटी में मिलाये नरवाई मिटटी में मिला देने से खाद का काम करता है। किसान खेती को लाभ का धंधा बनाने के गेहूं के नरवाई को जलाने की बजाय उसे खेतों की मिट्टी में ही मिला दिया जाए जिससे खेत में फसलों को नुकसान भी नहीं होगा और फसल की पैदावार भी अच्छी होगी।

### महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक पर मुनि संघ के सानिध्य में विशाल शोभायात्रा निकाली

# भगवान महावीर के सिद्धांतों पर अमल करके अनेकों ने अपना जीवन सार्थक किया: मुनि सागर महाराज

पूरे भारत में भगवान महावीर स्वामी का जन्म कल्याणक महोत्सव 21 अप्रैल को बड़े ही धूमधाम व उत्साह पूर्वक मनाया गया है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा





वर्तमान शासन नायक जैन धर्म के 24 वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी ने अपने जीवन की सार्थकता के लिए पंचशील का सिद्धांत दिया था। जिसमें अहिंसा,सत्य,अचौर्य,अपरिग्रह एवं ब्रह्मचर्य। आपके दिए गए सिद्धांतों पर अमल करके अनेक लोगों ने अपने मानव जीवन को सार्थक किया।


वहीं लोगों को जियो और जीने दो का अमर संदेश दिया। भगवान महावीर स्वामी ने लोगों को अपने जीवन को सुगम और सरल बनाने के लिए संयम ,दान, नियंत्रण, त्याग,श्रम स्वावलंबन तथा व्यसन मुक्त जीवन जीने को कहा। सांसारिक क्षेत्र में लौकिक शिक्षा और डिग्री महत्वपूर्ण हो सकती है, लेकिन अगर ज्ञान आचरण में दिखाई नहीं दे तो इन डिग्रियों का कोई महत्व नहीं और ना ही ज्ञान का कोई अर्थ है।

उक्त बातें नगर के श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन दिव्योदय अतिशय तीर्थ क्षेत्र किला मंदिर पर भगवान महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक महा महोत्सव के पश्चात आशीष वचन देते हुए पूज्यनीय गुरुदेव मुनिश्री भूतबलि सागर महाराज के परम प्रभावक शिष्य मुनि सागर महाराज ने कहीं। उक्त भव्य समारोह की जानकारी देते हुए समाज के नरेन्द्र गंगवाल ने बताया कि मुनिश्री ने कहा अंतिम प्रभु का जन्म और निर्वाण अन्यत्र हुआ है। कुंडलपुर में जन्म और पावापुरी से मोक्ष निर्वाण हुआ।मुझे भगवान की स्थली पर जाने का अवसर नहीं मिला। पूरे भारत में भगवान महावीर स्वामी का जन्म कल्याणक महोत्सव 21 अप्रैल को बड़े ही धूमधाम व उत्साह पूर्वक मनाया गया है।यह दुर्भाग्य है कि भगवान महावीर स्वामी को तो मानते हैं, लेकिन उनकी बातों व सिद्धांतों को नहीं।श्री गंगवाल ने बताया कि जैन धर्म के चौबीसवें तीर्थंकर वर्तमान शासन नायक भगवान महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक महोत्सव के पावन दिवस पर दिगंबर जैन समाज द्वारा समाधि सम्राट मुनिश्री भूतबलि सागर महाराज के मुनि संघ के पावन सानिध्य में 21 अप्रैल को गाजे-बाजे के साथ सुबह 8 बजे श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन दिव्योदय अतिशय तीर्थ क्षेत्र किला मंदिर से भव्य शोभायात्रा निकाली गई। कदम-कदम पर मुनिश्री मौन सागर महाराज के पग प्रक्षालन किए गए। समाज जनों द्वारा महावीर स्वामी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर आरती उतार कर श्रीफल अर्पित किया गया। भगवान महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक महोत्सव पर परम पूज्य वात्सल्य भाव के धनी समाधि सम्राट मुनिश्री भूतबलि सागर महाराज के परम प्रभावक शिष्य मुनि मौन सागर महाराज ससंघ सानिध्य में भगवान महावीर स्वामी की प्रतिमा रजत पालकी में विराजमान कर शोभायात्रा निकाली गई । किला मंदिर से प्रारंभ होकर शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गो रांका गली, बुधवारा,गल चौराहा से मानस भवन परिसर में पहुंची। वहां पर अभिषेक,पूजा- अर्चना की गई। भगवान महावीर स्वामी के अभिषेक के लाभार्थी राजेश कुमार -मयूर कुमार जैन इंजीनियर रहे। वहीं पूजा अर्चना के लाभार्थी रमेश कुमार ,सौरभ जैन इंजीनियर रहे। शोभायात्रा में स्वर्ण एवं रजत कलशों को अपने मस्तिष्क पर रखकर लाभार्थी परिवार की महिलाएं चल रही थी। स्वर्ण कलश के लाभार्थी अंशुल दिलीप जैन,रजत कलशों के लाभार्थी विजय -राजमल जैन, राजेश -सनी जैन, प्रकाश -कमल जैन रहे। किला मंदिर पर अभिषेक संजय -संदीप जैन चायघर, पूजन मुकेश - मैहूल बडजात्या लाभार्थी रहे।शोभायात्रा मानस भवन से सुभाष चौक,गंज चौराहा, सिकंदर बाजार, बड़ा बाजार, भवानी चौक से



किला मंदिर पहुंची।वहां पर पूज्य मुनि सागर महाराज के आशीष वचन हुए। प्रभावना के लाभार्थी वर्षों पुरानी परम्परा अनुसार राजेंद्र,नयन, अंकित जैन वर्धमान परिवार रहा।किला मंदिर पर नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा, पार्षद रवि शर्मा , तेजसिंह राठौर उपस्थित थे।

## गौ माताओं को पिलाया गुड़ का पानी



**आष्टा।** जैन धर्म के चौबीस वे तीर्थंकर भगवान श्री महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक के अवसर पर आष्टा नगर में संचालित मां पार्वती धाम गो शाला आष्टा पर श्री आदि जिन युवक चेरी टेबल ट्रस्ट मुंबई की ओर से समस्त गो माताओं को 81किलो गुड़ का पानी पिलाया गया। श्री आदि जिन युवक ट्रस्ट से श्री हितेश भाई संघवी नंद प्रभा परिवार वालो ने मां पार्वती धाम गो शाला के विशेष सहीयोगी विपिन सिंघवी को दो दिन पूर्व ही बतला दिया था की आप के वहा जितनी भी गो माताएं हे सभी को प्रभु श्री महावीर स्वामी जी के जन्म कल्याणक के दिन गुड़ का पानी पिलाना हे जिसको विपिन सिंघवी, बंटी मालू ,विपिन बनवट, अध्यक्ष मां पार्वती धाम गो शाला के नरेंद्र कुशवाह, गोरेलाल जी परमार के सहियोग से पिलाया गया।

## सूरज के तेवर कर रहे परेशान गर्मी और उमस ने किया बेहाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

दिन प्रतिदिन गर्मी के तेवर तीखे होते जा रहे हैं शनिवार और रविवार को उमस से लोगों का जीना बेहाल हो गया सुबह आसमान में हल्के बादल छाए रहे दिन में धूप व बादलों के बीच लुका छुपी का खेल चलता रहा धूप निकलने से उमस का एहसास किया गया बादलों को देखकर किसानों की परेशानी बढ़ गई दिन चढ़ने के बाद साथ ही तेज धूप व उमस से हर कोई परेशान दिखाई दिया लोग छांव की तलाश करते रहे दोपहर में जरूरी काम से ही लोग बाहर निकले सर पर गमछा वह टोपी रखने के साथ पानी की बोतल लेना नहीं भूले बीच-बीच में बिजली के गुल हो जाने से समस्या और भी बढ़ गई थी गर्मी बढ़ने के साथ ही बिजली की भी कटौती शुरू हो गई थी सुबह से ही बार-बार बिजली के काटने से लोग काफी परेशान नजर आए खासकर घरों में कैद महिलाओं को काफी परेशानी उठानी पड़ी उमस के कारण अंदर आराम मिल रहा था और ना ही घर के बाहर में प्रमुख बाजार व सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा मजबूरी में घर से निकलने वाले लोग रूमाल लिया व तोलिया से चेहरा ढंककर ही सड़कों पर आए करीब 10 दिन की तेज हवा आंधी बारिश के बाद तीन दिन से मौसम फिर तीखा होता जा रहा है शनिवार रविवार को अधिकतम तापमान रहा।



## लोकतंत्र को मजबूत बनाने शत-प्रतिशत मतदान आवश्यक है



**जावर।** सिलवानी- विद्या भारती मध्य भारत प्रांत भोपाल द्वारा मार्गदर्शित भोजपुर ग्राम भारती शिक्षा समिति जिला रायसेन द्वारा संचालित सरस्वती शिशु मन्दिर बम्हौरी कस्बा तहसील सिलवानी जिला रायसेन ने वार्षिक मूल्यांकन परीक्षा उत्सव मनाया। छात्रों एवं अभिभावकों को संबोधित करते हुए पर्यावरण विषय के प्रांतीय संयोजक मीडिया प्रभारी एवं जिला प्रमुख राजेन्द्र सिंह ठाकुर ने कक्षा में प्रथम, द्वतीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले सभी छात्रों, अभिभावकों को बधाई शुभकामनाएं दी। आगे उन्होंने कहा कि पढ़ लिख कर छात्र अपने विद्यालय ग्राम-नगर और देश का नाम रोशन करें। एक अच्छे नागरिक बनकर समाज में जागरूकता पैदा करें। कक्षा में अधिक अंक प्राप्त करना ही योग्यता का पैमाना नहीं है। कम अंक प्राप्त कर आगे लगन एवं दृढ़ इच्छाशक्ति के साथ मेहनत करके भी उच्च स्थान प्राप्त किया जा सकता है। इस लिए जिनके कम अंक आएं हैं वह निराश न हों वल्कि समय नियोजन के साथ अच्छी पढ़ाई करें और अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सामाजिक समरसता संस्कृति स्वावलंबन संस्कार स्वच्छता अभियान में सहभागी बनें। आगे अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए हम सभी को मिलकर शत-प्रतिशत मतदान अवश्य करना है। एक -एक बोट कीमती है इसलिए आपसे आग्रह है कि देशहित में मतदान करें, शत-प्रतिशत मतदान करना आवश्यक है।इन छात्रों ने कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया है - प्रभा कुर्मी, मयूरी रजक, भूपेन्द्र सिंह,नमन लोधी,दीक्षा गौर, कृष्णा मालवीय, रितिका कोरी। दूसरा स्थान प्राप्त करने वाले छात्र -भावना, भूमि, नीलम, भूपेन्द्र गौर,नैनशी लोधी, हर्षिता लोधी, कृष्णा सोनी,इशिका साहू। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रेमनारायण लोधी ,आचार्य परिवार संयोजक मंडल एवं अभिभावक उपस्थित रहे।

## हनुमान फाटक मंदिर में कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शहर के कस्बा स्थित प्राचीन हनुमान फाटक मंदिर में शनिवार को तीन दिवसीय एकादशी व्रत उद्यापन कार्यक्रम आयोजित किया गया। भूषण पंडित रवि शंकर तिवारी के सानिध्य में तृतीय वर्ष में सफल आयोजन किया गया। एकादशी व्रत धारी श्रद्धालु जनों का विधि विधान से पंडित रविशंकर तिवारी के द्वारा एकादशी उद्यापन संपन्न कराया गया। तीन दिवसीय कार्यक्रम गुरुवार भगवान हनुमान जी महाराज की पूजा अर्चना कर प्रारंभ किया गया। एकादशी व्रतधारी श्रद्धालुओं द्वारा मनोकामना पूर्ति के लिए विशेष अनुष्ठान किया गया । कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सीहोर सहित आसपास के शहरों नगरों गांव के श्रद्धालु जन समलित रहे।



## आठ साल से फरार स्थाई वारंटी गिरफ्तार

**आष्टा।** अपर सत्र न्यायाधीश न्यायालय आष्टा के st. No.254/13 धारा 365 342 34 मैं जारी 08 वर्ष से फरार स्थाई गिरफ्तारी वारंटी रामेश्वर उर्फ हीरो पिता कनीराम दान्गी उम्र 45 निवासी ग्राम मोलटा केवडी थाना अवंतीपुर बडोदिया जिला शाहजहांपुर को गिरफ्तार किया सराहनीय योगदान थाना प्रभारी पार्वती उप निरीक्षक चिन्मय मिश्रा सहायक उप निरीक्षक अशोक श्रीवास्तव आरक्षक राजकुमार कैल्मोदिया महिला आरक्षक रंजना परमार आरक्षक सचिन कालेन आरक्षक गोपाल प्रजापति का रहा।



## लकुमडी में तीन जिलों के मध्य स्थित मंदिर में विराजमान है शनि देव




**जावर।** जावर तहसील से लगभग 20 किलोमीटर दूर सीहोर देवास एवं शाजापुर के मध्य स्थित ग्राम लकुमडी मैं शनि देव की क्षेत्र में काफी अधिक मानता है हर शनिवार को हजारों श्रद्धालु शनि देव के दर्शन के लिए यहां आते हैं एवं मनोकामनाएं मांगते हैं भगवान शनिदेव भी सभी की मनोकामनाएं पूर्ण ही करते हैं शनिवार को यहां पर सुबह 5 बजे से लेकर शाम तक श्रद्धालुओं का दौर चलता रहता है इस दौरान दोपहर 12 बजे शनिदेव की आरती कर प्रसाद का वितरण किया जाता है शनिदेव जी को न्याय के देवता कहा जाता है ऐसा माना जाता है कि हर शनिवार को शनि देव के दर्शन व पूजा करने से सारे कष्ट दूर हो जाते हैं लकुमडी पहुंच कर न्याय के देवता शनिदेव के दर्शन किए तथा तेल काला कपड़ा व नारियल चढ़ाकर मनोकामनाएं मांगते हैं जावर तहसील के समीप तीन जिलों के मध्य स्थित ग्राम लकुमडी मैं शनिदेव के दर्शन के लिए क्षेत्र के भक्तों का मेला लगा रहता है

### माह के प्रथम रविवार को परिचय सम्मेलन भी आयोजित किया जा रहा है

# भेदभाव छोड़ कर समाज को आगे बढ़ाना है: योगेश मानसिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

वर्तमान दौर परिवर्तन का है जीवन के हर क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा बढ़ रही है बदलाव के इस युग मे समाज को आगे बढ़ाने के लिये हमें खुले दिल दिमाग से नवाचार को अपनाना होगा यह बात हमेशा ध्यान रखें कि अगड़ा या पिछड़ा वर्ग कुछ नही होता आदमी की मानसिकता अगड़ी या पिछड़ी हो सकती है हमे जमाने के साथ आगे बढ़ने के लिए आपसी मतभेद को छोड़ कर काम करना होगा। कुशवाह समाज के बच्चों महिलाओं और युवाओं को शिक्षा और सेवा के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिये समुचित प्रोत्साहन की जरूरत है हमे यही काम निष्ठा से करना चाहिए यह बात कुशवाह समाज के प्रांतीय अध्यक्ष योगेश मानसिंह ने शनिवार को स्थानीय समाजजन से चर्चा करते हुए कही । उन्होंने समाज मे व्याप्त कुरूतियों को खत्म करने के लिये युवा वर्ग को आगे आने की बात कहते हुए जिला कुशवाह समाज के अध्यक्ष तथा पूर्व पार्षद नरेंद्र कुशवाह द्वारा सामाजिक चेतना के लिए किए जा रहे प्रयासों की तारीफ की ।



समाज के जिला अध्यक्ष नरेंद्र कुशवाह ने जानकारी दी कि स्थानीय संगठन द्वारा समाज के प्रतिभाशाली छात्र छात्राओं को प्रोत्साहन पुरुस्कार के साथ ही समय समय पर प्रशस्ति पत्रक संवेदना पत्रक और बधाई पत्रक दे कर सभी के सुख दुख में शामिल होने का प्रयास किया जा रहा है । नरेंद्र कुशवाह ने बताया कि हर महिने के प्रथम रविवार को विवाह योग्य युवक युवतियों के परिचय सम्मेलन भी आयोजित किया जा रहा है । प्रांतीय अध्यक्ष योगेश मानसिंह ने इस पर खुशी का इजहार करते हुए अनेक सामाजिक मुद्दों पर भी उपस्थित जन से चर्चा की । नरेंद्र कुशवाह सहित सभी वरिष्ठ जन ने प्रांतीय अध्यक्ष का पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया ।

इस अवसर पर जिला युवा संगठन अध्यक्ष रवि कुशवाहा,तहसील स्तरीय अध्यक्ष राजकुमार कुशवाहा, कुशवाहा समाज पटेल दलकिशोर कुशवाहा,प्रांतीय कुशवाह समाज युवा संगठन उपाध्यक्ष गोपाल कुशवाहा, कार्यालय प्रभारी अमरचंद कुशवाहा पटेल, उपाध्यक्ष प्रकाश कुशवाहा मामा, शुभम कुशवाहा, ऋषिकुशवाह, हंसराज कुशवाहा(आढ़तियां), खेमचंद कुशवाहा, लव कुश जयंती के पूर्व अध्यक्ष जगदीश कुशवाहा,मोहनलाल कुशवाहा पूर्व सरपंच, कुशवाहा समाज पूर्व अध्यक्ष भेरूलाल कुशवाहा, कैलाश कुशवाहा, बंटी कुशवाह, सुशील कुशवाहा, आदि उपस्थित थे ।

# आष्टा के 336 शालाओं में आयोजित की गई बाल चौपाल

**आष्टा।** एफएलएन कार्यक्रम के अंतर्गत अप्रैल माह मासिक समीक्षा बैठक योजनानुसार जनपद शिक्षा केंद्र आष्टा के 14 जनशिक्षा केंद्र के सभी 336 शालाओं में दिनांक 18 अप्रैल से 20 अप्रैल तक एफ.एल.एन. बाल चौपाल का आयोजन किया गया । एफएलएन बाल चौपाल आयोजन का मुख्य उद्देश्य पालकों और बच्चों के साथ मिलकर छोटी-छोटी बाल गतिविधियों एवं खेल का आयोजन कर पालकों को जागरूक करना, जिससे पालकों द्वारा घर पर बच्चों के शैक्षणिक कार्य में सहयोग किया जा सके एवं बच्चों को नियमित शाला भेजें। चौपाल के दौरान सभी शालाओं में शिक्षकों द्वारा पालक एवं बच्चों के साथ मिलकर शब्दों की अंताक्षरी, मन पसंद कहानी पढ़कर खोजकर पढ़ना, मेरा अखबार, बोलो भाई कितने, आकृतियों का खेल, एवं कितने कदम की रेखा खेल गतिविधि किये गये । एफ.एल.एन. बाल चौपाल कार्यक्रम को बेहतर बनाने एवं सभी शालाओं में योजनानुसार आयोजन हो सके इसके लिए मिशन अंकुर टीम, बी.आर.सी टीम एवं सभी जन शिक्षकों द्वारा सक्रिय सहभागिता की गई ।

